झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/01/24 – 07 ,राँची/दिनांकः 02/04/2024

पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2024 के प्रवेश–पत्र (Admit Card) से संबंधित अत्यावश्यक सूचना

पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2024 में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा दिनांक–07.04.2024 (रविवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक आयोजित की जायेगी। तद्नुसार, पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in पर "Click Here for All online application Submission-JCECEB 2024" टैब पर Click कर परीक्षा का सही विकल्प चुनते हुए Login कर Download Online Admit Card पर Click कर, दिये गये दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अपना प्रवेश–पत्र (Admit Card) डाउनलोड कर सकते है। परीक्षा समाप्ति के पूर्व प्रवेश–पत्र (Admit Card) का लेमिनेशन (Lemination) नहीं करावें।

प्रवेश पत्र में आपकी अन्य विवरणी भी अंकित है, यथा नाम, पिता एवं माता का नाम, कोटि, जन्मतिथि आदि। यदि इन विवरणियों की प्रविष्टियों में संशोधन या सुधार की आवश्यकता हो तो, एक स्वहस्तलिखित आवेदन पत्र सप्रमाण **झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834010** के पते पर **दिनांक–10.04.2024** तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से, हाथों–हाथ अथवा E-mail - (controller.jceceb@gmail.com) के माध्यम से निश्चित रूप से जमा कर दें, जिसके आधार पर आपकी विवरणी में संशोधन किया जा सके। उक्त निर्धारित तिथि के बाद किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा तथा **इसके लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।**

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

02/04/24

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)

उप परीक्षा नियंत्रक